4

अषाढ़ की बारिश से खेती को मिली राहत, शहर में आई आफत, एक दिन में 74 मिमी हुई वर्षा








# हसदेव दर्री बराज का खोला गया एक गेट, देर शाम कम हुआ वाटर लेवल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले दो दिनों से जिले में हो रही लगातार बारिश से नदी नाले उफान पर हैं जिसकी वजह से बांध का वाटर लेवल लगातार बढ़ते ही जा रहा था। बढ़ाते वाटर लेवल को देखते हुए जल संसाधन विभाग के अफसर ने दोपहर को हसदेव दर्री बराज का एक गेट खोल दिया है। देश शाम तक वाटर लेवल कम हो गया है। संभावना जताई जा रही है कि यदि बारिश कम होती है तो निश्चित तौर पर गेट बंद कर दिए जाएंगे। वहीं दूसरी ओर बांगो बांध का वाटर लेवल पिछले 12 घंटे में 20 सेमी बढ़ा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी बांगो बांध के वाटर लेवल पर नजर बनाए हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले सहित आसपास के पड़ोसी जिले में लगातार बारिश का दौर जारी है। सोमवार की सुबह से झमाझम बारिश हो रही है जिसके चलते जिले के प्रमुख नदी नाले उफान पर हैं जिसके चलते जल संसाधन विभाग के अफसर लगातार हसदेव दर्री बराज के वाटर लेवल पर नजर बनाए हुए थे। लगातार बांध में बढ़ते जल स्तर को देखते हुए सोमवार की दोपहर लगभग 3 बजे बांध का गेट नंबर 4 को 4 फीट खोला गया जिससे हसदेव नदी में 5483 क्यूसेक पानी प्रवाहित किया जा रहा है। जल संसाधन विभाग के मुताबिक देर शाम को हसदेव दर्री बराज का वाटर लेवल 941.2 फीट पहुंच गया था। यदि देर रात तक बारिश का सिलसिला थम जाता है तो गेट नंबर 4 को बंद कर दिया जाएगा।

## 12 घंटे में बांगो बांध का वाटर लेवल बढ़ा 20 सेमी

**खास बात**

- गेट नबर 4 से 5483 क्यूसेक चोड़ा जा रहा है हसदेव नदी में पानी



## खबर संक्षेप

### डिप्लोमा पाठ्यक्रमों हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से सीपेट स्याहीमुड़ी में संचालित डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी एवं डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत कोरबा जिले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्रों के निवासी 10 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रम की संपूर्ण अवधि का शिक्षण शुल्क तथा हॉस्टल एवं मेस शुल्क जिला प्रशासन द्वारा वहन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों सहित 20 जुलाई को सायं 5 बजे तक लाईवलीहुड कॉलेज, आईटीआई रामपुर परिसर, रोजगार कार्यालय के पीछे, कोरबा में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### दादरखुर्द में जगन्नाथ रथयात्रा 16 को



**कोरबा।** जिले के ग्राम दादरखुर्द स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में इस वर्ष भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की 125वीं ऐतिहासिक रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। करीब सवा सौ वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक परंपरा में हर साल हजारों श्रद्धालु आस्था के साथ शामिल होते हैं। 16 जुलाई की सुबह 8 बजे से विधि-विधान के साथ पूजन प्रारंभ होगा। दोपहर 1 बजे विशाल भंडारे का आयोजन, शाम 4 बजे भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की रथयात्रा मंदिर परिसर से निकलकर नगर भ्रमण करेगी। आयोजन समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। रथयात्रा की वापसी 24 जुलाई दशमी तिथि के दिन संपन्न होगी।

### सर्पदंश से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे सर्पदंश के मामले में तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क उपचार प्राप्त करें, जिससे सर्पदंश से असामयिक मृत्यु की रोकथाम हो सके। साथ ही ऐसे आपात स्थितियों पर क्षेत्र के आर.एच.ओ. या मितानिन से संपर्क कर सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति को तत्काल समीपस्थ अस्पताल पहुंचाएं। कोरबा जिला वनांचल क्षेत्र होने के कारण, बरसात का मौसम में वातावरण में नमी और उमस बढ़ने तथा भोजन की तलाश में जहरीले कीट, सांप, बिच्छु अक्सर बिल से बाहर आ जाते हैं और लोगों में सर्पदंश का खतरा बढ़ जाता है। सर्पदंश से अधिकांश व्यक्तियों की आकस्मिक मृत्यु हो जाती है।

### रोजगार की मांग आंदोलन की दी चेतावनी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सारथी ने कुसमुंडा क्षेत्र के स्थानीय भूविस्थापित एवं प्रभावित बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने की मांग को लेकर एचईसीएल कुसमुंडा के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा।

## जुलाई महीने की किश्त को लेकर आ सकती ही तकनीकी समस्या

# महतारी वंदन की 5 हजार से अधिक महिलाओं का नहीं हुआ केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महतारी वंदन योजना के लाभार्थी हितग्राहियों के लिए ई केवायसी की प्रक्रिया के तहत 30 जून तक तिथि निर्धारित किए जाने से 5 हजार से अधिक महिलाओं के ईकेवायसी नहीं होने के कारण जुलाई महीने की किश्त को लेकर तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि केवायसी के लिए समय दिए जाने से हितग्राहियों को राहत जरूर मिली है।

सरकारी योजनाओं में दिए जाने वाली धनराशि के लिए आम हितग्राहियों के बैंक खातों का ई केवायसी आवश्यक किए जाने के बाद च्वाइस सेंटर से लेकर नगर निगम के जोन कार्यालय तक लाभार्थी हितग्राहियों की भीड़ नजर आ रही है। पूर्व में 30 जून तक ई केवायसी की अंतिम तिथि तय की गई थी। इससे च्वाइस सेंटरों में भरी गर्मी के बीच महिलाओं की भीड़ सुबह से पहुंच जाती थी। उसके बावजूद 5103 महिलाओं का ई केवायसी नहीं हुआ था। ऐसे हितग्राहियों को जुलाई माह की किशत को लेकर तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। शासन के नियमों के मुताबिक बिना केवायसी के किसी भी बैंक खातों में शासकीय योजनाओं से दी जाने वाली राहत राशि नहीं जारी की जाएगी। यही कारण है कि केवायसी के लिए शासन की ओर समय दिया गया है। इससे उन हितग्राहियों को राहत मिली है जो केवायसी नहीं करा सके थे।

**खास बात**

- केवायसी का समय बढ़ाए जाने से हितग्राहियों को मिलेगी राहत



### संचालकों ने हितग्राहियों को घुमाया

आधार कार्ड में छोटी छोटी गलतियों को लेकर च्वाइस सेंटर के संचालकों ने हितग्राहियों को घुमाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। मुफ्त केवायसी कराने के निर्देश के कारण हितग्राहियों से संचालक किसी भी तरह का शुल्क नहीं ले पा रहे थे। हालांकि शासन की ओर से उन्हें 9.48 रुपए की दर से कमीशन जरूर दिया जा रहा है। किन्तु इसके बावजूद जिन आधार कार्ड के सहारे हितग्राही पूर्व से योजना का लाभ लेते आ रहे हैं अब उसी आधार कार्ड में च्वाइस सेंटर के संचालक छोटी छोटी गलतियां निकालकर हितग्राहियों को वापस लौटा रहे हैं।

## ढेंगुरनाला के तेज बहाव में बहा पति की मौत, बाल-बाल बची पत्नी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक दंपति भिक्षाटन कर वापस अपने घर लौट आए थे इस दौरान नले को पार करने के दौरान अचानक नाले में पानी का प्रवाह तेज हो गया और दोनों पति-पत्नी पानी के तेज बाहाव में बहने लगे लेकिन पत्नी ने किसी तरह नाले के किनारे लगे झाड़ी को पकड़ कर सुरक्षित बाहर आ गई लेकिन उसका पति पानी के तेज बहाव में बह गया। स्थानीय मछुवारों की नजर पड़ी तो उसे बाहर निकाला गया और उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर बस्ती की है। यहां निवासरत गोरेलाल 60 वर्ष पिता स्व बंधन सिंह और उसकी पत्नी जान बाई 58 वर्ष दोनों पति-पत्नी भिक्षाटन कर अपना जीविकोपार्जन करते हैं बताया जाता है कि रविवार को दोनों पति-पत्नी भिक्षाटन के लिए बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत लालघाट गए हुए थे जहां से भिक्षाटन कर दोनों पति-पत्नी वापस पैदल लौट रहे थे। इस दौरान बीच रास्ते में पड़ने वाले ढेंगुरनाला को दोनों पति-पत्नी पार कर रहे थे कि इसी दौरान अचानक ढेंगुरनाला नाले के पानी का प्रवाह तेज हो गया और दोनों पति-पत्नी नाले के तेज बहाव में बहने लगे किसी तरह जान बाई ने नाले के किनारे में लगे झाड़ियों को पड़कर अपनी जान बचा ली लेकिन तब तक उसका पति गोरेलाल नाले के तेज बहाव में बह चुका था। पास में मछली मारने के में लगे कुछ मछुआरों की जब नजर पड़ी तो उन्होंने गोरेलाल को किसी तरह तैरकर बाहर निकाला लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। गोरेलाल की सांसे चलने की उम्मीद से वहां मौजूद लोगों के द्वारा गोरेलाल को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत गोरेलाल को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# सतरेंगा में घूमने गए 6 दोस्तों में से एक की डूबने से मौत



मृतक का शव निकालते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के आधा दर्जन युवक घूमने के लिए सतरेंगा बांगो डूबान गए हुए थे। जहां दोपहर को सभी लोग डूबान क्षेत्र में नहा रहे थे इसी दौरान नहाने के दौरान एक 24 वर्षीय युवक डूबान क्षेत्र के गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। जब दोस्तों की नजर पड़ी तो उसे बचाने का प्रयास किया गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जिसके उपरांत इसकी सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस और नगर सेना की टीम मौके पर पहुंची जहां घंटों मशक्कत के बाद गोताखोरों की मदद से लापता युवक को खोजने में सफलता मिली। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत शहीद भगत सिंह कॉलोनी में निवासरत सुधांशु कुमार ध्रुव 24 वर्ष पिता योगेश कुमार ध्रुव अपने पांच अन्य साथियों के साथ रविवार की दोपहर लगभग 2 बजे मोटरसाइकिल में सवार होकर सतरेंगा बांगो डूबान घूमने गए हुए थे जहां सभी लोग डूबान क्षेत्र में नहा रहे थे कि इसी दौरान सुधांशु ध्रुव डूबान क्षेत्र के गहरे पानी में चला गया और वह डूबने लगा। सुधांशु को डूबता देख वहां मौजूद उसके दोस्तों बचने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली और वह गहरे पानी में डूब गया। जिसके बाद लेमरु थाना पुलिस को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद सोमवार की सुबह नगर सेना व गोताखोरों की टीम सतरेंगा पहुंची और दोपहर घंटों मशक्कत के बाद लगभग 12 बजे सुधांशु के शव को बाहर निकाला गया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

### गली में खेल रही मासूम के उपर गिरा बिजली तार, मौत

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंप हाउस बस्ती निवासी राधे पांडेय की 6 वर्षीय पुत्री निधि उर्फ ज्योति पांडेय रविवार की दोपहर अपने गली में खेल रही थी इसी दौरान बांस की पोल गाड़कर एक युवक द्वारा युवक द्वारा लाईन खींची गई थी वह बांस की पोल और विद्युत प्रवाहित तार अचानक टूटकर गिर गई जिसकी जद में आने से निधि की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।







## खबर संक्षेप



### आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा पाली कालेज के अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिका का विमोचन

**कोरबा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली के द्वारा एआई और मानव जीवन प्रवृत्तियाँ, चुनौती और भावनाएं विषय पर महाविद्यालय द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय पत्रिका में चयनित शोध पत्रों का प्रकाशन कराया गया। जिसका उच्च शिक्षा आयुक्त श्रीमती रीता यादव आईएएस के द्वारा विमोचन किया गया। पाली कालेज के प्रचार्य डॉ पुष्पराज ने महाविद्यालय में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित पाठ्य़क्रम और महाविद्यालय के अकादमिक उपलब्धियों की सविस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए अकादमिक कैलेंडर के अनुरूप कक्षाओं का संचालन की बात कही। ।इस अवसर पर पाली कालेज के आईक्युएसी प्रभारी डॉ शैख तस्लीम अहमद और रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ हर्ष पान्डेय उपस्थित थे।

### ईशा नृत्यशाला का शानदार प्रदर्शन



**कोरबा।** बालको निवासी एवं ईशा नृत्यशाला की संचालिका ईशा देवांगन, अर्जुन देवांगन एवं श्रीमती रजनी देवांगन की सुपुत्री को कलाकृति महोत्सव, भिलाई में गुरु सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी प्रतियोगिता में प्रीतिका रॉय ने कत्थक में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। रिद्धि डोडवानी को द्वितीय पुरस्कार, आंचल निकुंज को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार सिया पाटले एवं तन्वी भगत को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

### बांकीमोंगरा के वार्ड क्रमांक 25 में 7.20 लाख रुपये की लागत से बनेगी नाली



**बांकीमोंगरा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के वार्ड क्रमांक 25 में जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 7.20 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास सोनी, भाजयुमो छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, पार्षद एवं पीआईसी सदस्य श्रीमती प्रमिला सायतोड़े, प्रमोद सोना, श्रवण यादव, एल्डरमैन जितेन्द्र सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूरज मिश्रा, युवा नेता प्रकाश झा, निखिल सिगोटिया, संतोष राठौर सहित एसआरएम की सफाई दीदियां, आसपास के नागरिक एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि वार्ड में नाली निर्माण से जलभराव की समस्या का समाधान होगा तथा लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि नगर के सभी वार्डों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है और भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्य लगातार किए जाते रहेंगे। भूमिपूजन के साथ ही नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ हो गया है। स्थानीय नागरिकों ने इस विकास कार्य के लिए विधायक एवं नगर पालिका परिषद का आभार व्यक्त किया।

## कटघोरा थाना क्षेत्र के राज ज्वेलर्स में हुई लूटपाट के मामले का खुलासा

# जेल की चार दीवारी के भीतर अपराधियों की हुई थी दोस्ती, लूटपाट की बनाई थी योजना, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छुरी स्थित राज ज्वेलर्स में 5 दिन पूर्व हुई लूटपाट के मामले को आखिरकार पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने मामले में शामिल शातिर बदमाशों को धरदबोचा है। बताया जाता है कि तीनों शातिर बदमाशों ने हत्या, दुष्कर्म जैसे संज्ञीन अपराधों को

**खास बात**

- एक फरार आरोपी की पुलिस जुटी है छानबीन में, वारदात में इस्तेमाल की गई कट्टा व बाइक जब्त

अंजाम दिया और इन्हीं मामलों में तीनों आरोपी जेल में बंद थे। जेल में रहने के दौरान तीनों की आपस में दोस्ती हुई थी और जेल से बाहर निकलने के बाद वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई थी। जैसे ही तीनों जेल से बाहर हुए योजना के तहत तीनों ने चोरी की मोटरसाइकिल और कट्टे का का इस्तेमाल किया और राज ज्वेलर्स में कट्टे की नोक पर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने वारदात में शामिल दो मुख्य आरोपियों को धरदबोचा है। जबकि पुलिस मामले में फरार चल रहे एक अन्य आरोपी की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया



पत्रकारवार्ता में घटना की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक।

कि कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत छुरी निवासी राजकुमार अग्रवाल 1 जुलाई की दोपहर लगभग 1 बजे छुरी मेन रोड स्थित अपने राज ज्वेलर्स दुकान में अकेले मौजूद थे। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल से तीन व्यक्ति ग्राहक बनकर अंगूठी खरीदने के बहाने दुकान में पहुंचे थे। इस दौरान आरोपियों ने कट्टा निकालकर राजकुमार अग्रवाल के उपर तान दिया था इस दौरान आरोपियों ने मिर्ची पाउडर छिड़कर लूटपाट की कोशिश की थी लेकिन राजकुमार अग्रवाल ने आरोपियों के साथ छीना झपटी कर रोकने का प्रयास किया था और आरोपी काउंटर में रखे आर्टिफिशियल ज्वेलरी लेकर भाग निकले थे। लूटपाट के बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी अपने टीम के साथ डेरा डाले हुए थे और पुलिस की टीम आरोपियों की धरपकड़ के लिए जुटी हुई थी। इस दौरान पुलिस ने सौ से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाला और मौके से मिले सीसीटीवी के आधार पर पुलिस तार से तार मिलाते चली गई और इस बीच सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने घटना में शामिल गोपाल सिंह गोंड, परदेशी राठिया एवं विष्णु राठिया की पहचान की गई। तत्पश्चात पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुंचापुर निवासी गोपाल सिंह गोंड, पिता स्व. उज्जवल सिंह गोंड, उम्र 38 वर्ष व श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत जिल्गा बरपाली निवासी परदेशी राठिया पिता गुरुवार सिंह, उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। जबकि करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोल्गा निवासी विष्णु प्रसाद राठिया पिता मोहन राठिया मामले में फरार चल रहा है जिसकी पुलिस पतासाजी में जुटी हुई है।

**लूटपाट के मामले को सुलझाने के लिए स्वयं डाले रहे डेरा**

वारदात के बाद से ही पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी कटघोरा में ही डेरा जमाए रखे और मामले की हर पहलु पर जांच के लिए गहन अध्ययन करते रहे और अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश देते रहे जिसका नतीजा रहा कि पुलिस ने इस लूट पाट के मामले को सुलझा लिया। इस मामले को सुलझाने में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नीतीश कुमार ठाकुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री विमल कुमार पाठक, थाना कटघोरा प्रभारी मोती लाल पटेल, निरीक्षक धर्मनरायण तिवारी, सायबर पुलिस थाना उनि अजय सोनवानी, प्रधान आर. गुनाराम सिन्हा, आर.डेमन ओग्रे, अलोक टोप्पो, सुशिल यादव, संजु सिंह, श्याग सिदार, विरकेश्वर सिंह, रवि कुमार, थाना कटघोरा सउनि. राम पाण्डेय, राजेन्द्र सिंह, प्रआर अनुज सिंह राजेश कंवर, गोपाल यादव प्रशांत सिंह, रितेश शर्मा, सुनिल सिंह का योगदान रहा।

## बारिश में प्यासा कटघोरा, तीन दिन से ठप पेयजल सप्लाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लगातार हो रही बारिश के बीच कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। बीते तीन दिनों से शहर के कई वार्डों में पानी की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में जहां लोगों को पर्याप्त पेयजल मिलने की उम्मीद रहती है, वहीं कटघोरा के नागरिक पानी की एक-एक बूंद के लिए जूझने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार कटघोरा शहर व आमाखोखरा स्थित पंप हाउस तक बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण पानी की टंकियां भर नहीं पा रही हैं। इसका सीधा असर शहर की पेयजल व्यवस्था पर पड़ा है। हालात ऐसे हैं कि कई वार्डों में लोगों के घरों तक केवल 10 मिनट के लिए पानी पहुंच रहा है, जिससे दैनिक जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही और नगर पालिका परिषद कटघोरा की अनदेखी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। नागरिकों का कहना है कि समस्या लगातार बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इसका स्थायी समाधान निकालने के बजाय केवल इंतजार की सलाह दे रहे हैं। वार्डवासियों में इस अव्यवस्था को लेकर भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि बारिश के मौसम में भी यदि पीने के पानी के लिए संघर्ष करना पड़े तो यह नगर पालिका की व्यवस्थाओं पर बड़ा सवाल है। नागरिकों ने मांग की है कि बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाया जाए, पंप हाउस के संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए और प्रभावित वार्डों में तत्काल नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। अब देखने वाली बात होगी कि आखिर आम जनता की इस गंभीर परेशानी पर नगर पालिका परिषद कटघोरा और संबंधित विभाग कब जागेंगे? या फिर शहर के लोगों को इसी तरह मूलभूत सुविधा के लिए परेशान होना पड़ेगा।

## मंजूरी के बाद भी ओपीएस लागू नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में शासन द्वारा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू करने की सैद्धांतिक सहमति/आदेश दिए जाने के बावजूद कंपनी प्रबंधन द्वारा अब तक इसे लागू नहीं किए जाने पर विद्युत अधिकारी-कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली अधिकार मंच ने आंदोलन को और प्रभावी बनाने का निर्णय लिया है।

रविवार को आयोजित अधिकार मंच की बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी 12 अधिकारी-कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि शीघ्र ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर संयुक्त ज्ञापन सौंपेंगे तथा कंपनी प्रबंधन को तत्काल पुरानी पेंशन लागू करने के निर्देश जारी करने का अनुरोध करेंगे। बैठक के दौरान पुरानी पेंशन बहाली के लिए संयुक्त कार्यक्रमों के संचालन हेतु 48 सदस्यीय केंद्रीय समिति का गठन किया गया। इसमें सभी 12 संगठनों के अध्यक्ष एवं महासचिव के साथ प्रत्येक संगठन से दो-दो एनपीएसधारी सदस्यों को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री से भेंट के पश्चात केंद्रीय समिति के सभी 48 सदस्य कंपनी अध्यक्ष सुबोध सिंह से मिलकर शासन के आदेश के अनुरूप कंपनी में पुरानी पेंशन तत्काल लागू करने संबंधी आदेश जारी करने का आग्रह करेंगे। कंपनी मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने के लिए प्रत्येक 12 संगठनों से संबंधित क्षेत्र के 10-10 सदस्यों को नामित किया जाएगा। इस प्रकार प्रत्येक क्षेत्र में 120 सदस्यीय समिति गठित कर संयुक्त बैठकें, आमसभाएं एवं कर्मचारी जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

## भैसमा में सहकारी सप्ताह के तहत कृषक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैसमा

किसानों को सहकारिता की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भैसमा स्थित आदिवासी सेवा सहकारी समिति प्रांगण में सहकारी सप्ताह एवं कृषक सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सहकारी सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया गया।



बैंक के अध्यक्ष का महामाला से स्वागत करते समिति प्रबंधक।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर के अध्यक्ष रजनीश सिंह ने देशभर में सहकारिता आंदोलन को नई गति और मजबूती मिली है। रजनीश सिंह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय की स्थापना का उद्देश्य किसानों, ग्रामीणों और छोटे व्यवसायियों को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। सम्मेलन में पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर ,कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, सहकारिता संयोजक बी.डी. शर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया,श्रीमती सुष्मिता अनंत, मंडल अध्यक्ष किशन साव, कुल सिंह कंवर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मिश्रा, उपायुक्त सहकारी संस्थाएं कोरबा मती मिंज आदि उपस्थित रहे।

## अपराधों पर नियंत्रण, सांसद की पहल नई पुलिस चौकी खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने प्रदेश सरकार से नई पुलिस चौकियां खोलने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखकर जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस चौकियां स्थापित करने का आग्रह किया है।सांसद महंत ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि जिले में चोरी, डकैती, हत्या, लूटपाट, आगजनी, डीजल चोरी तथा कोयला चोरी जैसी घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। इन घटनाओं के कारण आम नागरिकों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है और कानून व्यवस्था को लेकर चिंता का माहौल है। उन्होंने अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले के कुछ प्रमुख क्षेत्रों में नई पुलिस चौकियां खोलने की आवश्यकता जताई है।



ज्योत्सना महंत

सांसद ने विशेष रूप से ग्राम छुरी, ग्राम कोरबी (धतूरा), ग्राम पिपरिया (पसान) तथा ग्राम पाली पौड़ी में नई पुलिस चौकियों की स्वीकृति देने का अनुरोध किया है। सांसद ने कहा कि इन क्षेत्रों में पुलिस चौकी स्थापित होने से अपराधों पर अंकुश लगाने, त्वरित पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा आम जनता में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने इस मांग की प्रतिलिपि पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस अधीक्षक कोरबा को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी है।

## प्रांतीय गोर्खाली समाज ने विद्यार्थियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पं मुकुट धर पाण्डेय साहित्य भवन घण्टाघर में अध्यक्ष श्रीमती शकुन गुरुंग, सचिव श्रीमती ललिता सिंह, सांस्कृतिक संगठन सचिव श्रीमती माया थापा कोषाध्यक्ष उदय बहादुर सुब्बा, ब्लाक अध्यक्ष कोरबा श्रीमती शशिकला, वरिष्ठ सदस्या श्रीमती तारा नेवार, श्रीमती भानू सुब्बा, श्रीमती मीना पुरी,श्रीमती रीता वस्ताकोटि, संरक्षक जगन लाल, संस्थापक के.बी.गौतम, राज बहादुर सुब्बा, रेवत राई सहित अनेक सदस्यों के उपस्थिति में समाज के छात्रों को सम्मानित किया गया। जिसमें कु. दीक्षा राई, कु.अनुषा लिम्बु, कु.मानवी पुरी, मां.रीवांश, आरना प्रधान, कु.रीया श्रेष्ठ, कु.नयना सिंह, कु.प्रीती क्षेत्री, कु.सानवी पुरी, कु.अनुष्का सिंह, आयान लिम्बु, कु. त्रिशिका पुरी, दीपांकर राई को समाज के प्रबंधकारीणीयों व संरक्षक सदस्यों और संस्थापक के द्वारा विद्यार्थीयों के द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। इस सभा का संचालन श्रीमती मीना पुरी के द्वारा और सभा को आभार सांस्कृतिक सचिव श्रीमती माया थापा के द्वारा प्रकट किया गया।

### संकुल केंद्र रेंकी में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**चैतमा।** पाली विकासखंड अंतर्गत संकुल केंद्र रेंकी में शासन के निर्देशानुसार संकुल स्तरीय शाला प्रवेश मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश जायसवाल, आशीष अग्रवाल, अनिल पटेल, सरपंच तिजराम उर्रे, उपसरपंच शिवनारायण यादव, संकुल प्राचार्य नाजकौसर सिद्दीकी, संकुल समन्वयक शैलेश जाटवार, ग्राम रेंकी के समस्त पंच व अभिभावक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा नवप्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कर पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया एवं बच्चों को शिक्षा का महत्व भविष्य निर्माण व व्यक्तित्व विकास पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। मंच संचालन शिवनारायण यादव एवं धर्मेन्द्र राठौर द्वारा किया गया। इस इस दौरान सभी शिक्षक शैलेंद्र खलखो, किशोर कुमार दिव्य, सुभद्रा रानी राठौर, रामलाल कुर्रे, राजेंद्र कंवर शिल्पा आदि उपस्थित थे।

### एसडीएम और कृषि कार्यालय में चोरों का धावा, लाखों का माल पार

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र में स्थित तहसील कार्यालय प्रांगण के भीतर बने दो बड़े सरकारी दफ्तरों को चोरों ने निशाना बनाया है। चोरों ने एसडीएम कार्यालय और कृषि विभाग कार्यालय से करीब 5 एसी के आउटडोर यूनिट चोरी कर लिए हैं। एसडीएम कार्यालय से 2 एसी आउटडोर यूनिट पार कर दिए। इस पहली चोरी के बाद भी सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने ठीक बगल में स्थित कृषि विभाग कार्यालय पर धावा बोला और वहां से 3 और एसी आउटडोर यूनिट उखाड़ ले गए। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## बाइक चोरी, सीसीटीवी कैमरे में कैद चोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पावर हाउस रोड स्थित कोसा भवन के सामने दिनदहाड़े बाइक चोरी की घटना घटित हुई हैं। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी हैं। जानकारी के अनुसार घटना पावर हाउस रोड पर स्थित कोसा भवन और एसएस प्लाजा के ठीक सामने घटित हुई हैं। बताया जा रहा हैं की पीड़ित ने अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक को रोजाना की तरह सड़क किनारे पार्क किया था। चोरों ने मौका पाकर कुछ ही पलों में बाइक चोरी कर ली और मौके से फरार हो गया। यह पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### शपथ पत्र

मैं संगीता गर्ग उम्र लगभग 47 वर्ष पति श्री अक्षय गर्ग, निवासी मकान नं. 100 वॉर्ड नं. 15 कारखाना एरिया कटघोरा जिला कोरबा छ.ग. की होकर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि:-

01. यह कि मेरे द्वारा अपनी पुत्री नयन गर्ग के नाम से नगर निगम कोरबा के जन्म के रिकार्ड में माता का नाम संगीता दर्ज है।

02 यह कि, मेरा सही नाम संगीता गर्ग है तथा मेरे आधार कार्ड में मेरा यही नाम दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है।

03 यह कि, मेरी पुत्री के जन्म रिकार्ड मे मेरा नाम संगीता से सुधार कर मेरा सही नाम संगीता गर्ग दर्ज किया जाए जिसके लिए जो भी नियम एवं शर्तें होगी उसका पालन मेरे द्वारा किया जाएगा।

04 यह कि, यह शपथपत्र मेरे द्वारा अपने उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है जिसे कि संबंधित विभाग में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
संगीता गर्ग
पति श्री अक्षय गर्ग
निवासी मकान नं. 100 वॉर्ड नं. 15
कारखाना एरिया कटघोरा
जिला कोरबा (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)

### ईश्तहार

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा कुमार राठौर पिता प्यारे लाल राठौर निवासी ग्राम छिन्दपुर तहसील दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मलगांव तहसील दीपका में खातेदार कृष्णा कुमार राठौर पिता प्यारे लाल राठौर के नाम पर स्थित भूमि ख.न. 206/2 कुल ख. न. 01 कुल रकबा 0.05 ए. भूमि स्थित है। उक्त भूमि एस.ई.सी.एल. दीपका के द्वारा अर्जित कर लिया गया है। अर्जन भूमि के एवज में रोजगार, मुआवजा एवं अन्य लाभ दिये जाने के संबंध वंशवृक्ष की मांग की गई है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 20/07/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 03/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

तहसीलदार
दीपका
जिला कोरबा (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष) डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष) ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष) एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## खबर संक्षेप

### रिटेन और रीच पॉलिसी से बढ़ेगी स्काउट गाइड सदस्यता

**कोरबा**। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक सोमवार को पंचवटी विश्राम गृह के सभागार में जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की वार्षिक कार्ययोजना को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। साथ ही जिला, विकासखंड एवं यूनिट स्तर पर 15 जुलाई से 15 अगस्त तक व्यापक पौधरोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला सचिव भरत सिंह वर्मा ने आगामी शैक्षणिक सत्र की प्रस्तावित वार्षिक कार्ययोजना प्रस्तुत की। माहवार प्रस्तावित गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा के बाद उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। शिक्षकों के बेसिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शासकीय उमा विद्यालय, ग्राम सिंघिया में करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। मेंबरशिप ग्रोथ को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रिटेन एंड रीच पॉलिसी अपनाने का निर्णय लिया गया।

### बारिश में नहीं होगी रेत की किल्लत, अनुमति पर 17 लोगों ने किया 1 लाख टन रेत का भंडारण

**कोरबा**। बारिश का सीजन शुरू होते ही जिले के सभी नदी नालों में बने रेत घाटों को बंद कर दिया गया है। इस साल भी 10 जून से 15 अक्टूबर तक के लिए रेतघाटों को लॉक कर दिया गया है। ऐसे में निर्माण काम व आम लोगों को रेत की किल्लत न हो इसके लिए खनिज विभाग हर साल रेत भंडारण की अनुमति देता है। इस साल 4 सरपंच सहित कुल 17 लोगों को लगभग 1 लाख टन से अधिक रेत भंडारण की अनुमति दी गई है। जिसके तहत भंडारण कर बिक्री का दौर भी शुरू किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि 10 जून से वर्षा ऋतु प्रारंभ हो जाती है यही वजह होती है कि वर्षा ऋतु और एनजीटी के नियम के अनुसार 10 जून से 15 अक्टूबर तक हर साल नदी नालों में बने रेत घाटों को विधिवत बंद कर दिया गया है, ताकि नदी नालों में रेत फिर से जमा हो सके। वर्षा ऋतु के दौरान आम लोगों को निर्माण काम में कहीं परेशानी ना हो और आम जनता को आसानी से रेत मुहैय्या हो सके इसके लिए संयुक्त संचालक प्रमोद कुमार नायक के निर्देश पर सहायक खान अधिकारी राकेश वर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रेत भंडारण के लिए कुल 17 लोगों को भंडारण की अनुमति दी है। जिसमें अलग-अलग स्थान में अलग-अलग मात्रा में रेत का भंडारण किया गया है। मौजूदा स्थिति में जिले में लगभग 1 लाख टन से अधिक रेत का भंडारण किया गया है।

### समस्याओं का त्वरित निराकरण न होने पर गेवरा मुख्यालय के महाघेराव की दी चेतावनी

# हैवी ब्लास्टिंग से घरों में गिर रहे पत्थर दरक रहीं दीवारें, दहशत का माहौल



पत्थर गिरने से टूटा हुआ शीट।



ब्लास्टिंग से आयी दीवारों में दरार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नराईबोध के ग्रामीण इन दिनों खदान में होने वाली अत्यधिक हैवी ब्लास्टिंग और प्रबंधन की घोर उदासीनता के कारण दहशत के साये में जीने को मजबूर हैं एसईसीएल और निजी स्वार्थ सिद्ध करने में जुटे बिचौलियों के गठजोड़ के कारण आज पूरा गांव अपनी बुनियादी मांगों विस्थापन रोजगार मुआवजा और सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गेवरा खदान में दोपहर के समय होने वाली ब्लास्टिंग इतनी भीषण होती है कि पूरा नराईबोध गांव दहल उठता है लोग डर के मारे अपने ही घरों से निकलकर बाहर भागने को विवश हैं ब्लास्टिंग के कारण गांव के मकानों और दीवारों में चौड़ी दरारें आ चुकी हैं जिससे मानसून के इस मौसम में कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है। हाल ही में एक अत्यंत गंभीर घटना सामने आई जहाँ ब्लास्टिंग का एक बड़ा पत्थर एक गरीब परिवार के घर की एस्बेस्टस शीट को चीरते हुए सीधे कमरे के भीतर जा गिरा जहाँ परिवार के सदस्य आराम कर रहे थे गनीमत रही कि वे बाल-बाल बच गए हद तो तब हो गई जब अगले ही दिन शीट की मरम्मत के दौरान फिर एक जोरदार धमाका हुआ और ठीक उसी जगह दूसरा पत्थर आ गिरा इस जानलेवा लापरवाही के अलावा गांव में बोर और कुएं धंस रहे हैं जिससे पीने के पानी की विकराल समस्या पैदा हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही एसईसीएल गेवरा के अधिकारी मौके का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों ने मामले को दबाने और सांत्वना देने के लहजे में कहा कि सीट टूट गया है सीट के बदले सीट दे देंगे और जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई करेंगे इस संवेदनहीन बयान पर पीड़ित परिवार और ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा पीड़ितों ने तीखा सवाल दागते हुए कहा साहब सीट के बदले सीट तो दे दोगे लेकिन अगर इस हादसे में हमारे परिवार के किसी सदस्य की जान चली जाती तो क्या एसईसीएल प्रबंधन जान के बदले जान वापस लौटा पाता? इस घटना ने साबित कर दिया है कि एसईसीएल प्रबंधन के लिए ग्रामीणों की जान की कीमत सिर्फ एक प्लास्टिक या सीमेंट की सीट के बराबर है।

#### त्रिपक्षीय बैठकें बेअसर, अब आर-पार की लड़ाई

ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में विस्थापन रोजगार मुआवजा और मूलभूत सुविधाओं को लेकर बड़े स्तर की त्रिपक्षीय बैठकें हो चुकी हैं लेकिन एसईसीएल प्रबंधन के अड़ियल रवैये के कारण आज तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। ग्रामीणों ने प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि इन सभी संवेदनशील समस्याओं का जल्द से जल्द त्वरित निराकरण नहीं किया गया तो समस्त ग्रामवासी मजबूरन एसईसीएल गेवरा मुख्यालय का महाघेराव करेंगे इस आंदोलन के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की जनधन की हानि और कानून-व्यवस्था की स्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की होगी।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की पहली जिला बैठक



जिला अध्यक्ष का स्वागत करते पिछड़ा वर्ग के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। जहां कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने का संदेश दिया गया।

#### खास बात

- 24 मंडलों में बूथ सशक्तिकरण और संगठन विस्तार का लिया संकल्प

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक बूथ मजबूत होगा तो संगठन स्वतः सशक्त होगा। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए घर-घर संपर्क करें तथा संगठन द्वारा सौंपे गए प्रत्येक दायित्व का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सक्रियता के साथ निर्वहन करें। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बिलासपुर संभाग प्रभारी शांतनु साहू ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए सदस्यता अभियान, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान, सामाजिक समरसता और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि संगठन की सफलता कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, अनुशासन और सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करती है। प्रत्येक मंडल को बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाना होगा।

## सेवा, संवेदना और समर्पण, यही एक महान चिकित्सक की सच्ची पहचान : सविता

**कोरबा**। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन दिया द्वारा समाज की निःस्वार्थ सेवा में समर्पित चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनसेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना था।

डॉ. रजनी पांडे (कार्डियो एवं डायबिटीज डे-केयर क्लिनिक), डॉ. प्रीतेश (एमबीबीएस), इंदिरा गांधी चिकित्सालय, कोरबा तथा डॉ. विशाल राजपूत का परम पूज्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी का साहित्य, गायत्री मंत्र पट्टी, सम्मान-पत्र एवं फल भेंट कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में दिया नारी शक्ति प्रमुख सुश्री सविता साहू, लावण्या श्री अध्यक्ष आरती आदित्य तथा दिया नारी शक्ति सचिव श्रीमती नेहा सिंह ने चिकित्सकों के सेवा-भाव, समर्पण एवं मानवता के प्रति उनके अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की शुभकामनाएँ एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर नारी शक्ति प्रमुख साहू ने कहा कि चिकित्सक केवल रोगों का उपचार ही नहीं करते बल्कि अपने ज्ञान, करुणा और सेवा-भाव से समाज को स्वस्थ, सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## सेवानिवृत्ति शासकीय सेवक के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय में हाल ही में निगम के सेवानिवृत्त हुये अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित करते हुये कहा कि सेवानिवृत्ति एक नौकरीपेशा व्यक्ति के जीवन का महत्वपूर्ण पडाव है, जहां पर वह नौकरी के दायित्व से मुक्त होकर अपने पारिवारिक व सामाजिक दायित्वों को और अधिक सक्रियता व अधिक समय देकर निर्वहन करने के लिये आगे बढ़ता है तथा अपने पारिवारिक व सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता है। उन्होने इन अधिकारी कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आप समयाभाव के कारण जो शौक पूरा नहीं कर पाएं, उन्हें पूरा करिए तथा घर, परिवार व समाज को अपना पूरा समय दीजिए।

#### खास बात

- निगम के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों का किया गया सम्मान

नगर निगम के सभाकक्ष में बुधवार को निगम के हाल ही में सेवानिवृत्त हुये अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित करने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन कार्यालयीन समय के पश्चात किया गया, वर्ष 2026 में वर्तमान तक निगम के 16 अधिकारी कर्मचारी निगम की सेवा से निवृत्त हो चुके हैं। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने इन अधिकारी कर्मचारियों को शाल, श्रीफल व स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन के लिये अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों द्वारा दी गई सेवाओं एवं उनकी गहन कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुये शायराना अंदाज में कहा कि आप सबके साथ वक्त कैसे बीता, पता ही न चला, आपने दिल कैसे जीता पता ही न चला।



## खबर संक्षेप



### डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थो में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी : सरना

**कोरबा।** डॉ .श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनायी गई। इस अवसर पर उपस्थित संयंत्र के कारखाना प्रबंधक सुनील सरना एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंताओं राजेश्वरी रावत, एल.एन. सूर्यवंशी एवं वरि. मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के आतिथ्य में डा. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्य अर्पण किया गया। इस अवसर पर सरना ने कहा डा. मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ। वें बहुमुखी प्रतिभा के धनी थें एवं शिक्षाविद् के रूप में विख्यात थें। वे सच्चे अर्थो में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थें। डा. मुखर्जी 33 वर्ष की अल्पायु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। इस पद की नियुक्ति पाने वाले सबसे कम आयु के कुलपति थे। कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय वरि. कल्याण अधिकारी एवं सिविल विभाग द्वारा किया गया था। इस अवसर पर संयंत्र के अधिकारी/कर्मचारी एवं सभी युनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जनदर्शन में सुनी गई आमजनो की समस्याएं, 58 आवेदन हुए प्राप्त



**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत दिनेश नाग ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनदर्शन में आमजन ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में कुल 58 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व संबंधी प्रकरण, विद्युत आपूर्ति, अतिथि शिक्षक नियुक्ति, पेयजल, सड़क, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, अधोसंरचना विकास, आजीविका संवर्धन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़ी मांगें एवं समस्याएं शामिल थीं। सीईओ श्री नाग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर उनका समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, इसलिए प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्रवाई की जानी चाहिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर टी आर भारद्वाज सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## शहरी क्षेत्रों की सड़कें, गली मोहल्लों से लेकर स्कूलों में भरा पानी, खेत हुए लबालब

# अषाढ़ की बारिश से खेती को मिली राहत, शहर में आई आफत, एक दिन में 74 मिमी वर्षा



जलमग्न हुआ शहर का पॉवर हाउस मार्ग।



बारिश से लबालब हुए ग्रामीण क्षेत्रों के खेत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अषाढ़ की बारिश से ग्रामीण अंचलों में पिछड़ रही खेती को जहां राहत मिली है वहीं दूसरी ओर लगातार बारिश से शहर की सड़कों, गली मोहल्लों से लेकर स्कूल तक में पानी भरने से आम शहरवासियों को आफत का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिक निगम की महापौर ने जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया और पानी निकासी की व्यवस्था के निर्देश दिए। रविवार से सोमवार तक 74 मिली औसत बारिश रिकार्ड की गई है।

रविवार से हो रही बारिश से जिले का शहरी हिस्सा तरबतर हो चुका है। मुख्य मार्ग सहित शहर की स्लम बस्तियों, गली मोहल्लों में पानी भर जाने से लोगों के घरों तक पानी समा गया। दीपका क्षेत्र के



बारिश से क्षतिग्रस्त हुआ गुरसिया का पुलिया।

चाकाबुड़ा बस्ती में स्कूल की कक्षाओं तक में पानी भरने के कारण छुट्टी देनी पड़ गई। रविवार को शुरू हुई बारिश सोमवार को दिन भर जारी रही। इससे शहरी क्षेत्र में आमजन जीवन प्रभावित हुआ। महापौर के राताखार वार्ड से लेकर दादर वार्ड तथा ग्रामीण अंचलों व बालको क्षेत्र के आजाद नगर में भी जल भराव की समस्या सामने आई। जिससे आम लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। शासन के द्वारा जारी वर्षा के आंकड़ों में कोरबा व भैसमा तहसील में सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई है। जल भराव की सबसे ज्यादा समस्या उपनगरीय क्षेत्रों में नजर आई है। हालांकि शहरी क्षेत्रों की नदी किनारे के बस्तियों में जल भराव नहीं हुआ है किन्तु लगातार बारिश से जल भराव की समस्या को देखते हुए निचली बस्ती के इलाकों को अलर्ट जरूर कर दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों के नदी नाले बारिश से उफान पर हैं। बालको नगर व रूकबहरी मार्ग में पुराने रपटे से पानी उपर बह रहा था। वहीं नदी किनारे स्थित शिव मंदिर आधा डूब चुका था। हालांकि बड़े पुल का निर्माण किए जाने के कारण आम लोगों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ा। आजादनगर बस्तीवासियों को बाढ़ की स्थिति को देखते हुए एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

### शहर की इन बस्तियों में भरा पानी

दो दिन से हो रही बारिश का पानी दादर नाला, खरमोरा के साथ राताखार बस्ती एवं रामपुर बस्ती एवं ढेंगूरनाला बायपास मार्ग में बसी आबादी क्षेत्र में भी जल भराव रहा। इन क्षेत्रों में पानी निकासी की समुचित व्यवस्था पूर्व की तरह इस वर्ष भी नहीं हो सकी है। जलभराव की समस्या बालको क्षेत्र मार्ग, गायत्री मंदिर रोड में दूसरे दिन भी बनी रही। इसी तरह रिंग रोड में भी बने गड्ढों में भी जलभराव की समस्या सामने आई।

### उपनगरीय क्षेत्र के इन मार्गों में भरा पानी

शहर से उपनगरीय क्षेत्र जाने वाले मार्ग में गड्ढों के कारण जल भराव की समस्या बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी नजर आई। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वाहनों का जाम भी लगा रहा। इनमें रूमगढ़ा से परसाभाठा मार्ग एवं बेलगढ़ी नाले में बना पुल में जल भराव नजर आया। मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क और पुल दोनों ही पानी से डूबे थे। इसी तरह रिस्दी ढेंगुरनाला पुल में भी में बने गड्ढों में भी पानी भरा देखा गया। बालको आवागमन के लिए दोनों ही मार्ग प्रमुख माने गए हैं। इसी तरह कुचैनी दीपका बायपास मार्ग में दो दिन की तरह सोमवार को भी रेलवे अंडरब्रिज से पानी बहता रहा। तकनीकी चूक का परिणाम इस मार्ग से गुजरने वाले आम लोगों को हर बरसात में भुगतना पड़ता है।

### महापौर ने जलभराव क्षेत्रों का किया मैराथन दौरा

महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने शहर में भारी वर्षा के बीच निगम क्षेत्र के कोरबा, टीपी नगर, कोसाबाड़ी, रविशंकरनगर, बालको, दर्री, जोन अंतर्गत वार्ड एवं बस्तियों का सघन दौरा किया। उन्होंने वार्ड पार्षदों व अधिकारियों के साथ जल भराव क्षेत्रो का दौरा करते हुए जल भराव वाले क्षेत्र से पानी की तत्काल निकासी करने, वर्षा की स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए जल भराव की समस्या से निपटने, सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। शहर सहित उपनगरीय क्षेत्रों में रविवार से लगातार बारिश का क्रम जारी है, भारी वर्षा के परिणाम स्वरूप शहर में अनेक स्थानों पर जल भराव की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने सोमवार को सुबह से ही निगम क्षेत्र के कोरबा, टीपी नगर, कोसाबाडी, रविशंकर नगर, बाल्को व दर्री जोन अतर्गत विभिन्न बस्तियों व वार्डों में जलभराव वाले क्षेत्रो का लगातार दौरा कर स्थित का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न जल भराव वाले क्षेत्र में जल की तत्काल निकासी किए जाने के निर्देश देने के साथ ही अनेक स्थलों पर मौके पर ही आवश्यक संसाधन व मशीनरी बुलाकर जल की निकासी कराई। महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निगम अधिकारी कर्मचारियों की अपनी टीम व आवश्यक संसाधनों के साथ निगम क्षेत्र के सभी वार्ड बस्तियों में लगातार भ्रमण करें तथा भारी वर्षा से उत्पन्न जल भराव की स्थिति पर सतर्क नजर रखें, जहां कहीं पर भी जल भराव की स्थिति पैदा होती है वहाँ युद्ध स्तर पर कार्यवाही कर जल की निकासी कराए ताकि आम नागरिकों को जल भराव की समस्या से त्वरित राहत पहुंचाई जा सके।



## एलआईसी कार्यालय में सुरक्षा कर्मी ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय में सोमवार सुबह उस समय हडक़ंप मच गया, जब कार्यालय के अंदर तैनात एक सुरक्षाकर्मी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। सुरक्षा कर्मी ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत कांशीनगर निवासी विनोद सोनवानी 26 वर्ष पिता राजेंद्र सोनवानी एलआईसी कार्यालय में सुरक्षा कर्मी था। रविवार की रात नाइट शिफ्ट में ड्यूटी पर था। सोमवार सुबह जब परिजनों ने उससे संपर्क करने की कोशिश की और फोन नहीं उठा, तो उसके पिता कार्यालय पहुंचे। वहां कार्यालय के अंदर विनोद का शव फंदे से लटका मिला, जिसके बाद घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।




## ओपीएस की मांग को लेकर बिजली कर्मचारी महासंघ ने चेयरमैन के नाम सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते महासंघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुरानी पेंशन योजना एवं अन्य ज्वलंत मांगों को लेकर विद्युत कंपनी प्रबंधन के वादाखिलाफी के विरोध में महासंघ द्वारा जारी आंदोलन के द्वितीय चरण में क्षेत्रीय, उत्पादन केंद्र में ज्ञापन कार्यक्रम के तहत 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ के उत्पादन व वितरण इकाई कोरबा पूर्व द्वारा प्रदर्शन व नारे बाजी करते हुए चेयरमैन के नाम से डी.एस.पी. एम. ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में अतिरिक्त मुख्य अभियंता को ज्ञापन सौंपा गया तथा महासंघ के आंदोलन और मांगों के संबंध में अवगत करते हुए चैयरमैन को प्रेषित किए जाने हेतु आग्रह किया गया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल द्वारा विभागीय कॉलोनी में व्याप्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण किए जाने की मांग की गई। कार्यक्रम के दौरान महासंघ के प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के कार्य. सदस्य व प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, बिलासपुर रीजन के संयुक्त सचिव यशवंत राठौर, महासंघ के ठेका प्रभारी मदनमोहन पांडेय, शाखा सचिव संदीप राठौर, वरिष्ठ पदाधिकारी जी पी राजवाड़े, सहित संदीप हलवाई, संजय दिव्य, जोगेन्द्र सिंह, सुमंत चौहान एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ व अतिवृष्टि की स्थिति पर निगरानी रखने तथा सूचना आदान-प्रदान हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के संवाद कक्ष में की गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी बाढ़ राहत शाखा देवेन्द्र कुमार चौधरी को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।




